अमर उजाला 02/03/2024

विद्यार्थियों को दिया नौकरी हासिल करने का ज्ञान

अंबाला। गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज में प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त के मार्गदर्शन में, प्लेसमेंट सेल, अंग्रेजी, मनोविज्ञान विभाग और आईआईएलएम यूनिवर्सिटी गुरुग्राम और अन्य के संयुक्त तत्वावधान में विद्यार्थियों को नौकरी पाने के लिए प्रेरित किया। कार्यशाला में मुख्य वक्ता के तौर पर गुरुग्राम से सहायक प्रोफेसर प्रबंधन विभाग डॉ तृप्ति वाजपेयी ने शिरकत की। इन्हें पिछले 27 वर्षों का लंबा अनुभव रहा है। डॉ. चंद्रपाल पूनिया एवं डॉ. अंशु ने मुख्य वक्ता का स्वागत किया। संवाद